# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 17-10-25 | 4 | 1 |

## एचएयू में दिवाली मेले में लगी स्टॉलें



**हिसार |** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान कॉलेज में दिवाली मेला आयोजित किया गया। इसका शुभारंभ कैंपस स्कूल की निदेशिका संतोष कुमारी ने बतौर मुख्य अतिथि किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि दीपावली त्योहार दीपों का पर्व है जिससे संदेश मिलता है कि हमारे जीवन में भी इसी प्रकार सदैव खुशियां जगमगाती रहें। इसके लिए हमें कड़ी मेहनत व लगन से कार्य करना होगा। सामुदायिक विज्ञान कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. अतुल ढींगड़ा ने कहा कि हमारे त्योहार आपसी भाईचारा और सौहार्दपूर्ण माहौल बनाने में अहम् भूमिका निभाते हैं। मेले में छात्राओं द्वारा 14 स्टॉलें लगाई गईं। इनमें मेहंदी रचाओ, दीये, पोट डेंकोरेशन, फ्रेम व रेजीन, कढ़ाई-बुनाई, थ्रिफ्ट स्टाल, डिजाइनिंग व प्रिंटिंग, अरली चाइडहुड, गेम कॉर्नर, फूल वाले पौधों की स्टॉलें, ब्राउनी बाइट्स, चिप्स, कुरकुरे और चाट की स्टॉलें शामिल हैं। कार्यक्रम में डॉ. आशा क्वात्रा, डॉ. किरण सिंह, डॉ. कविता दुआ जाधव तथा डॉ. प्रोमिला उपस्थित रही।

| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 17.10.25 | 4 | 7-8 |

# हकृवि के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में दीवाली मेला पर प्रदर्शनी आयोजित



*मुख्य अतिथि संतोष कुमारी स्टालों का अवलोकन करते हुए*

हिसार, 16 अक्तूबर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में दीवाली मेला आयोजित किया गया। मेले का शुभारंभ कैंपस स्कूल की निदेशिका संतोष कुमारी ने बतौर मुख्य अतिथि किया। मुख्य अतिथि संतोष कुमारी ने स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने वाले उत्पादों को प्राथमिकता देने के लिए छात्राओं को प्रेरित किया। उन्होंने छात्राओं द्वारा लगाई गई स्टालों का निरीक्षण किया। कार्यक्रम में डॉ. आशा क्वात्रा, डॉ. किरण सिंह, डॉ. कविता दुआ जाधव तथा डॉ. प्रोमिला उपस्थित रही।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 17.10.25 | 2 | 6-8 |

# दीपावली पर्व से संदेश मिलता है हमारे जीवन में भी इसी प्रकार खुशियां सदैव जगमगाती रही : संतोष

जागरण संवाददाता • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में दीवाली मेला आयोजित किया गया। मेले का शुभारंभ कैंपस स्कूल की निदेशिका संतोष कुमारी ने बतौर मुख्य अतिथि किया। मेले में छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार की स्टालें लगाई गई।



स्टालों का अवलोकन करती मुख्य अतिथि संतोष कुमारी • पीआरओ

मुख्य अतिथि संतोष कुमारी ने कहा कि दीपावली दीपों का पर्व है जिससे संदेश मिलता है कि हमारे जीवन में भी इसी प्रकार सदैव खुशियां जगमगाती रही। इसके लिए हमें कड़ी मेहनत व लगन से कार्य करना होगा तभी हम लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे और जीवन को खुशियों से भर पाएंगे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में एक साथ काम करने और एक दूसरे की मदद करने की भावना का होना जरूरी है। आजकल बच्चे एकांत में रहना पसंद करते हैं, जिससे उनका सर्वांगीण विकास नहीं हो पाता। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में एक साथ काम करने की भावना जागृत होती है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को आत्मनिर्भरता और व्यावहारिक कौशल को प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने वाले उत्पादों को प्राथमिकता देने के लिए छात्राओं को प्रेरित किया। सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. अतुल ढींगड़ा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी दीवाली मेले का आयोजन किया गया है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 17-10.25 | 11 | 5 |

# हकृवि में दिवाली मेले पर प्रदर्शनी आयोजित

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में दीवाली मेला आयोजित किया गया। मेले का शुभारंभ कैंपस स्कूल की निदेशिका संतोष कुमारी ने बतौर मुख्य अतिथि किया। मेले में छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार की स्टालें लगाई गई।

मुख्य अतिथि संतोष कुमारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि दीपावली त्यौहार दीपों का पर्व है जिससे संदेश मिलता है कि हमारे जीवन में भी इसी प्रकार सदैव खुशियां जगमगाती रही। इसके लिए हमें कड़ी मेहनत व लगन से कार्य करना होगा तभी हम लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे और जीवन को खुशियों से भर पाएंगे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में एक साथ काम करने और एक दूसरे की मदद करने की भावना का होना जरूरी है। आजकल बच्चे एकांत में रहना पसंद करते हैं।

| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 17.10.25 | 5 | 1-3 |

# हकृवि के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में दिवाली मेला पर प्रदर्शनी आयोजित

हिसार, 16 अक्तूबर (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में दीवाली मेला आयोजित किया गया। मेले का शुभारंभ कैंपस स्कूल की निदेशिका श्रीमती संतोष कुमारी ने बतौर मुख्य अतिथि किया। मेलें में छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार की स्टालें लगाई गई। मुख्य अतिथि संतोष कुमारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि दीपावली त्यौहार दीपों का पर्व है जिससे संदेश मिलता है कि हमारे जीवन में भी इसी प्रकार सदैव खुशियां जगमगाती रही। इसके लिए हमें कड़ी मेहनत व लगन से कार्य करना होगा तभी हम लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे और जीवन को खुशियों से भर पाएंगे। उन्होंने स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने वाले उत्पादों को प्राथमिकता देने के लिए छात्राओं को प्रेरित किया। उन्होंने छात्राओं द्वारा लगाई गई स्टालों का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी को धनतेरस, छोटी दीपावली व दीपावली की बधाई व शुभकामनाएं भी दी। सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अतुल ढींगड़ा ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी दीवाली मेले का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारे त्यौहार आपसी भाईचारा और सौहार्दपूर्ण माहौल बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में डॉ. आशा क्वात्रा, डॉ. किरण सिंह, डॉ. कविता दुआ जाधव तथा डॉ. प्रोमिला उपस्थित रही।



मुख्य अतिथि संतोष कुमारी स्टालों का अवलोकन करते हुए।

**महाविद्यालय परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई 14 स्टालें:** दीवाली मेले पर महाविद्यालय के विभिन्न विभागों द्वारा स्वदेशी उत्पादों की स्टालें लगाई गई। इनमें मेंहदी रचाओं, दीए, पोट डेकोरेशन, फ्रेम व रेजीन, कढ़ाई-बुनाई, थ्रिफ्ट स्टाल, डिजाइनिंग व प्रिंटींग, अरली चाइल्डहुड, गेम कॉरनर, फूल वाले पौधों की स्टालें, ब्राउनी बाइटस, चिप्स, कुरकुरे तथा चाट की स्टालें शामिल हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
# हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 17.10.25 | 4 | 4-5 |

## एचएयू में दिवाली मेले का आयोजन

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में वीरवार को दिवाली मेला लगाया। मेले का शुभारंभ कैंपस स्कूल की निदेशिका संतोष कुमारी ने बतौर मुख्य अतिथि किया। इस अवसर पर छात्राओं ने सृजनशीलता का परिचय देते हुए विविध प्रकार की आकर्षक स्टालें लगाईं।

मुख्य अतिथि संतोष कुमारी ने कहा कि दिवाली दीपों का पर्व है, जो यह संदेश देता है कि हमारे जीवन में भी सदैव खुशियों की रोशनी बनी रहनी चाहिए। इसके लिए मेहनत, लगन और एकजुटता आवश्यक है।

आज के दौर में बच्चे एकांत पसंद करने लगे हैं, जिससे उनका सर्वांगीण विकास बाधित होता है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में मिल-जुलकर कार्य करने और सहयोग की भावना को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने छात्राओं की स्टालों का निरीक्षण कर उनकी सराहना की।

### इस चीजों की लगाईं स्टालें

मेले में महाविद्यालय के विभिन्न विभागों की ओर से 14 स्टालें लगाई गईं, जिनमें मेहंदी रचाओ, दीये, पॉट डेकोरेशन, फ्रेम व रेजिन आर्ट, कढ़ाई-बुनाई, थ्रिफ्ट स्टॉल, डिजाइनिंग व प्रिंटिंग, अर्ली चाइल्डहुड, गेम कॉर्नर, पौधों की स्टाल, ब्राउनी बाइट्स, चिप्स, कुरकुरे और चाट की स्टालें शामिल रहीं।

महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अतुल ढींगड़ा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी दिवाली मेले का आयोजन विद्यार्थियों की सहभागिता और उत्साह के साथ किया गया। ऐसे त्योहार समाज में आपसी भाईचारा और सौहार्द का संदेश देते हैं। कार्यक्रम में डॉ. आशा क्वात्रा, डॉ. किरण सिंह, डॉ. कविता दुआ जाधव और डॉ. प्रोमिला भी मौजूद रहीं।



मुख्य अतिथि संतोष कुमारी स्टालों का अवलोकन करते हुए। स्रोत : संस्थान

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| जगमार्ग न्यूज | 16.10.2025 | | |

**कार्यक्रम** हकृवि के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में दीवाली मेला पर प्रदर्शनी आयोजित

## हकृवि के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में दीवाली मेला पर प्रदर्शनी आयोजित

➪ दीवाली मेले पर महाविद्यालय के विभिन्न विभागों की ओर से स्वदेशी उत्पादों की लगाई गई स्टालें



**जगमार्ग न्यूज**

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में दीवाली मेला आयोजित किया गया। मेले का शुभारंभ कैंपस स्कूल की निदेशिका श्रीमती संतोष कुमारी ने बतौर मुख्य अतिथि किया। मेले में छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार की स्टालें लगाई गई।

मुख्य अतिथि संतोष कुमारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि दीपावली त्यौहार दीपों का पर्व है जिससे संदेश मिलता है कि हमारे जीवन में भी इसी प्रकार सदैव खुशियां जगमगाती रही। इसके लिए हमें कड़ी मेहनत व लगन से कार्य करना होगा तभी हम लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे और जीवन को खुशियों से भर पाएंगे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में एक साथ काम करने और एक दूसरे की मदद करने की भावना का होना जरूरी है। आजकल बच्चे एकांत में रहना पसंद करते हैं, जिससे उनका सर्वांगीण विकास नहीं हो पाता।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में एक साथ काम करने की भावना जागृत होती है। उन्होंने छात्राओं की रचनात्मक और उद्यमशीलता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को आत्मनिर्भरता और व्यावहारिक कौशल को प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने वाले उत्पादों को प्राथमिकता देने के लिए छात्राओं को प्रेरित किया। उन्होंने छात्राओं द्वारा लगाई गई स्टालों का निरीक्षण किया।

उन्होंने सभी को धनतेरस, छोटी दीपावली व दीपावली की बधाई व शुभकामनाएं भी दी। सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अतुल ढींगड़ा ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी दीवाली मेले का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारे त्यौहार आपसी भाईचारा और सौहार्दपूर्ण माहौल बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में डॉ. आशा क्वात्रा, डॉ. किरण सिंह, डॉ. कविता दुआ जाधव तथा डॉ. प्रोमिला उपस्थित रही।

दीवाली मेले पर महाविद्यालय के विभिन्न विभागों द्वारा स्वदेशी उत्पादों की स्टालें लगाई गई। इनमें मेंहदी रचाओं, दीए, पोट डेकोरेशन, फ्रेम व रेजीन, कढ़ाई-बुनाई, थ्रिफ्ट स्टाल, डिजाइनिंग व प्रिंटींग, अरली चाइल्डहुड, गेम कॉरनर, फूल वाले पौधों की स्टालें, ब्राउनी बाइटस, चिप्स, कुरकुरे तथा चाट की स्टालें शामिल हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 16.10.2025 | | |

# हकृवि के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में दीवाली मेले के मौके पर लगाई प्रदर्शनी



प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए।

## महाविद्यालय परिसर में विभिन्न विभागों ने लगाई 14 स्टालें

दीवाली मेले पर महाविद्यालय के विभिन्न विभागों द्वारा स्वदेशी उत्पादों की स्टालें लगाई गई। इनमें मेंहदी रचाओं, दीए, पोट डेकोरेशन, फ्रेम व रेजीन, कढ़ाई-बुनाई, थ्रिफ्ट स्टाल, डिजाइनिंग व प्रिंटिंग, अरली चाइल्डहुड, गेम कॉरनर, फूल वाले पौधों की स्टालें, ब्राउनी बाइटस, चिप्स, कुरकुरे तथा चाट की स्टालें शामिल हैं।

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में दीवाली मेला आयोजित किया गया। मेले का शुभारंभ कैंपस स्कूल की निदेशिका संतोष कुमारी ने बतौर मुख्य अतिथि किया। मेले में छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार की स्टालें लगाई गई।

मुख्य अतिथि संतोष कुमारी ने कहा कि दीपावली दीपों का पर्व है जिससे संदेश मिलता है कि हमारे जीवन में भी इसी प्रकार सदैव खुशियां जगमगाती रहे। इसके लिए हमें कड़ी मेहनत व लगन से कार्य करना होगा तभी हम लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे और जीवन को खुशियों से भर पाएंगे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में एक साथ काम करने और एक दूसरे की मदद करने की भावना का होना जरूरी है। आजकल बच्चे एकांत में रहना पसंद करते हैं, जिससे उनका सर्वांगीण विकास नहीं हो पाता। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में एक साथ काम करने की भावना जागृत होती है। उन्होंने छात्राओं की रचनात्मक और उद्यमशीलता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को आत्मनिर्भरता और व्यावहारिक कौशल को प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने वाले उत्पादों को प्राथमिकता देने के लिए छात्राओं को प्रेरित किया। उन्होंने छात्राओं द्वारा लगाई गई स्टालों का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी को धनतेरस, छोटी दीपावली व दीपावली की बधाई व शुभकामनाएं भी दी।

सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अतुल ढींगड़ा ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी दीवाली मेले का आयोजन किया गया है। हमारे त्यौहार भाईचारा और सौहार्दपूर्ण माहौल बनाने में भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में डॉ. आशा क्वात्रा, डॉ. किरण सिंह, डॉ. कविता दुआ तथा डॉ. प्रोमिला उपस्थित रही।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा न्यूज | 16.10.2025 | | |

## हकृवि में राष्ट्रीय एकता शिविर सम्पन्न- एनएसएस में सेवा, समर्पण और सहयोग की अह्म भूमिका : प्रो. बी.आर. काम्बोज

समस्त हरियाणा न्यूज

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर सम्पन्न हुआ। समापन समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे । शिविर में विभिन्न प्रदेशों के 200 स्वयं सेवकों ने भाग लिया। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने स्वयंसेवकों से समाज सेवा के कार्यों में निरंतर आगे बढने् का आह्वान किया। एनएसएस में सेवा, सम्पर्ण और सहयोग की अह्म भूमिका है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सामुदायिक सेवा के माध्यम से उनके व्यक्तित्व और चरित्र का विकास करना है। समाज एवं राष्ट्र के नवनिर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। युवाओं में नेतृत्व, आत्मविश्वास,अनुशासन और टीम भावना विकसित करके ही भारत को एक विकसित राष्ट्र बना सकते हैं। एक भारत - श्रेष्ठ भारत के स्वप्न को साकार करने के लिए हमें एकजूटता के साथ कार्य करना होगा। स्वयंसेवकों की जिम्मेदारी को बड़ा बताते हुए उन्होंने कहा कि विविधता में एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों में सामाजिक सेवा, अनुशासन, सहयोग और राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करना बहुत जरूरी है। देश विकसित राष्ट्र तभी बनेगा जब भारत का युवा जागरूक होगा। एनएसएस युवाओं को समाज सेवा के महत्व, समाज के कमजोर वर्ग की मदद तथा शारीरिक व मानसिक विकास की तैयारी पर जोर देता है। विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास एवं सामुदायिक सेवा की भावना विकसित करके हम समाज व राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर सकते हैं। कुलपति ने कार्यक्रम के समापन अवसर पर स्वयंसेवकों को स्मृति चिन्ह व प्रमाण-पत्र वितरित किए। मंच पर कुलसचिव डॉ. पवन कुमार व डॉ. दीपक कौशिक भी उपस्थित रहे।

**राष्ट्रीय एकता शिविर में विभिन्न 17 राज्यों के 200 स्वयंसेवकों ने लिया भाग**




कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता एवं छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एस. के. पाहुजा ने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि देश के विभिन्न 17 राज्यों से आए 200 स्वयंसेवकों ने भाग लिया जिनमें कर्नाटक, बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, सिक्किम, गुजरात, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ व हरियाणा राज्य शामिल रहे। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी पारंपरिक वेशभूषा और संस्कृति का प्रदर्शन करके दर्शकों का मन मोह लिया। विभिन्न प्रदेशों से आए स्वयंसेवकों को हिसार जिले के ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण भी करवाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ. भगत सिंह ने सभी का धन्यवाद किया। छात्रा यशिका ने मंच का संचालन किया। इस अवसर पर विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, शिक्षकगण, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठकपक्ष | 16.10.2025 | | |


# एनएसएस में सेवा, समर्पण और सहयोग की अहम भूमिकाः प्रो. बी.आर. काम्बोज

## राष्ट्रीय एकता शिविर में विभिन्न 17 राज्यों के 200 स्वयंसेवकों ने लिया



-पाठकपक्ष न्यूज-

हिसार, 16 अक्टूबर : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर सम्पन्न हुआ। समापन समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे । शिविर में विभिन्न प्रदेशों के 200 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने स्वयंसेवकों से समाज सेवा के कार्यों में निरंतर आगे बढ़ने का आहवान किया। एनएसएस में सेवा, सम्पर्ण और सहयोग की अह्म भूमिका है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सामुदायिक सेवा के माध्यम से उनके व्यक्तित्व और चरित्र का विकास करना है। समाज एवं राष्ट्र के नवनिर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। युवाओं में नेतृत्व, आत्मविश्वास,अनुशासन और टीम भावना विकसित करके ही भारत को एक विकसित राष्ट्र बना सकते हैं। एक भारत-श्रेष्ठ भारत के स्वप्न को साकार करने के लिए हमें एकजूटता के साथ कार्य करना होगा। स्वयंसेवकों की जिम्मेदारी को बड़ा बताते हुए उन्होंने कहा कि विविधता में एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवको में सामाजिक सेवा, अनुशासन, सहयोग और राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करना बहुत जरूरी है। देश विकसित राष्ट्र तभी बनेगा जब भारत का युवा जागरूक होगा। एनएसएस युवाओं को समाज सेवा के महत्व, समाज के कमजोर वर्ग की मदद तथा शारिरिक व मानसिक विकास की तैयारी पर जोर देता है। विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास एवं सामुदायिक सेवा की भावना विकसित करके हम समाज व राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर सकते हैं। कुलपति ने कार्यक्रम के समापन अवसर पर स्वयंसेवकों को स्मृति चिन्ह व प्रमाण-पत्र वितरित किए। मंच पर कुलसचिव डॉ. पवन कुमार व डॉ. दीपक कौशिक भी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय एकता शिविर में विभिन्न 17 राज्यों के 200 स्वयंसेवकों ने लिया भाग कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता एवं छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एस. के. पाहुजा ने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि देश के विभिन्न 17 राज्यों से आए 200 स्वयंसेवकों ने भाग लिया जिनमें कर्नाटक, बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, सिक्किम, गुजरात, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ व हरियाणा राज्य शामिल रहे। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी पारंपरिक वेशभूषा और संस्कृति का प्रदर्शन करके दर्शकों का मन मोह लिया। विभिन्न प्रदेशों से आए स्वयंसेवकों को हिसार जिले के ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण भी करवाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ. भगत सिंह ने सभी का धन्यवाद किया। छात्रा यशिका ने मंच का संचालन किया। इस अवसर पर विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, शिक्षकगण, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| चिराग टाइम्स | 16.10.2025 | | |

# हकृवि के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में दीवाली मेला पर प्रदर्शनी आयोजित



**चिराग टाइम्स न्यूज**

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में दीवाली मेला आयोजित किया गया। मेले का शुभारंभ कैंपस स्कूल की निदेशिका श्रीमती संतोष कुमारी ने बतौर मुख्य अतिथि किया। मेले में छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार की स्टालें लगाई गई। मुख्य अतिथि संतोष कुमारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि दीपावली त्यौहार दीपों का पर्व है जिससे संदेश मिलता है कि हमारे जीवन में भी इसी प्रकार सदैव खुशियां जगमगाती रही। इसके लिए हमें कड़ी मेहनत व लगन से कार्य करना होगा तभी हम लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे और जीवन को खुशियों से भर पाएंगे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में एक साथ काम करने और एक दूसरे की मदद करने की भावना का होना जरूरी है। आजकल बच्चे एकांत में रहना पसंद करते हैं, जिससे उनका सर्वांगीण विकास नहीं हो पाता। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में एक साथ काम करने की भावना जागृत होती है। उन्होंने छात्राओं की रचनात्मक और उद्यमशीलता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को आत्मनिर्भरता और व्यावहारिक कौशल को प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने वाले उत्पादों को प्राथमिकता देने के लिए छात्राओं को प्रेरित किया। उन्होंने छात्राओं द्वारा लगाई गई स्टालों का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी को धनतेरस, छोटी दीपावली व दीपावली की बधाई व शुभकामनाएं भी दी।

सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अतुल ढींगड़ा ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी दीवाली मेले का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारे त्यौहार आपसी भाईचारा और सौहार्दपूर्ण माहौल बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में डॉ. आशा क्वात्रा, डॉ. किरण सिंह, डॉ. कविता दुआ जाधव तथा डॉ. प्रोमिला उपस्थित रही।

महाविद्यालय परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई 14 स्टालें

दीवाली मेले पर महाविद्यालय के विभिन्न विभागों द्वारा स्वदेशी उत्पादों की स्टालें लगाई गई। इनमें मेंहदी रचाओं, टीए, पोट डेकोरेशन, फ्रेम व रेजीन, कढ़ाई-बुनाई, थ्रिफ्ट स्टाल, डिजाइनिंग व प्रिंटिंग, अरली चाइल्डहुड, गेम कॉर्नर, फूल वाले पौधों की स्टालें, ब्राउनी बाइटस, चिप्स, कुरकुरे तथा चाट की स्टालें शामिल हैं।